S1·1

शिक्षा के परिप्रेक्ष्य — 1

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें)।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 हैं।

1. बच्चों से समाज का विभिन्न वर्ग जिस प्रकार के व्यवहार एवं आचरण की अपेक्षा करता है, उसका आलोचनात्मक विश्लेषण करें। ☐

अथवा

किसी बच्चे के बचपन पर उसके समुदाय का क्या प्रभाव पड़ता है ? उदाहरण देकर समझाएँ। ☐

S1·1

2. एक बच्चे के परिवार की आर्थिक-सामाजिक स्थिति उसके बचपन की उम्र-सीमा व वजूद को गढ़ते हैं। इस सन्दर्भ में उदाहरण देकर अपनी राय स्पष्ट करें। ☐

अथवा

धनी और निर्धन परिवार में बचपन किन आधारों पर अलग-अलग ढंग से देखा जाता है ? उदाहरण देकर समझाएँ। ☐

S1.1

3. ''विद्यालयीय जीवन आलोचनात्मक चेतना को विकसित करता है।'' इस कथन से आप कितना सहमत हैं ? सोदाहरण अपना तर्क प्रस्तुत करें। ☐

अथवा

प्रच्छन्न पाठ्यचर्या से आप क्या समझते हैं ? क्या आप भी इसका हिस्सा हैं ? ☐

S1·1

4. अपने विद्यालय के बच्चों के विषय में आप जिस प्रकार की सोच रखते हैं, क्या उससे उनके समाजीकरण पर प्रभाव पड़ता है, उदाहरण देकर समझाएँ। ☐

अथवा

क्या केवल समाज ही बच्चों को प्रभावित करता है या फिर बच्चे भी समाज को प्रभावित करते हैं ? अपना तर्क प्रस्तुत करें। ☐

S1·1

5. विसमाजीकरण तथा नकारात्मक समाजीकरण में क्या अन्तर है ? ☐

अथवा

''विद्यालय 'समाज का', 'समाज के लिए' तथा 'समाज के द्वारा' है।'' स्पष्ट करें। ☐

---

6. क्या स्कूल और शिक्षा एक दूसरे के समानार्थी हैं ? अपने उत्तर को तर्कों के माध्यम से समझाएँ ।

अथवा

स्कूल के ज्ञान और उसके बाहर के ज्ञान में क्या अन्तर है ? समझाएँ ।

7. ज्ञानमीमांसा से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट करें ।

अथवा

परम्परा एवं रूढ़ियों से किस प्रकार के ज्ञान प्राप्त होते हैं ? कुछ उदाहरण देकर समझाएँ ।

8. विद्यार्थी का अपना अनुभव स्वयं में ज्ञान का महत्त्वपूर्ण स्रोत है जिसके आधार पर कक्षा में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को संचालित करना चाहिए । इस कथन का विश्लेषण करें ।

अथवा

वैज्ञानिक ज्ञान की क्या विशेषताएँ हैं ? कुछ उदाहरणों की मदद से समझाएँ ।

दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 हैं ।

9. "किसी शिशु का लड़का या लड़की होना उसके समाजीकरण की प्रक्रिया को भिन्न आकार देता है ।" इस कथन के पक्ष या प्रतिपक्ष में अपना मत दें ।

अथवा

अनुभववाद तथा आलोचनात्मक सिद्धान्त क्या हैं ? कक्षायी उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करें ।

अथवा

"विद्यालय का जीवन, परिवार व आस-पड़ोस के जीवन से अधिक विस्तृत व विविधतापूर्ण होता है अत: वहाँ समाजीकरण की प्रक्रिया अधिक तीव्र चलती है ।" इस कथन के सदंर्भ में अपना मत देते हुए उसके पक्ष में समुचित तर्क दें ।

10. "दिवास्वप्न में गिजुभाई बधेका ने बाल मन की गहरी संवेदनाओं को उकेरा है जो एक शिक्षक को सीखने के लोकतांत्रिक वातावरण तैयार करने की बेहतरीन शिक्षा देती हैं ।" इस कथन को दिवास्वप्न पुस्तक में दिए गए दृष्टान्तों के माध्यम से स्पष्ट करें ।

अथवा

आपकी समझ से शिक्षाविदों के मौलिक लेखन को एक शिक्षक को पढ़ाए जाने की क्या आवश्यकता है ? अपने तर्क को उदाहरण सहित स्पष्ट करें ।

अथवा

"हिंसा के सहारे सुधारने का काम करने वाले लोग बच्चों से उनका उमंग, उत्साह, साहस तथा आत्मविश्वास छीन लेते हैं ।" डॉ० जाकिर हुसैन के लेख से लिए गए इस कथन को अपने विद्यालयी अनुभव के माध्यम से स्पष्ट करें ।